समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# एम्मा वॉटसन से भूमि पेडनेकर और जैकी श्रॉफ तक : ये 7 हस्तियां बन चुकी है पर्यावरण की आवाज।

Publisher Published on 05 Jun 2025



## जलवायु संकट से निपटने के लिए बॉलीवुड से हॉलीवुड तक के ये सितारे बन चुके है हंरित आंदोलन का चेहरा।

**नई दिल्ली, 5 जून 2025: विश्व पर्यावरण दिवस** के मौके पर जब पूरी दुनिया **जलवायु संकट** और **पर्यावरण संरक्षण** को लेकर जागरूकता फैला रही है, वहीं कुछ मशहूर हस्तियां इस दिशा में पहले से सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। **बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड** तक, कई सेलेब्रिटी ऐसे हैं जो पर्यावरण की रक्षा के लिए न सिर्फ बोलते हैं बल्कि ठोस कदम भी उठाते हैं। आइए जानते हैं उन 7 सितारों के बारे में जो पर्यावरण की आवाज बन चुके हैं।

1. **जैकी श्रॉफ**
बॉलीवुड के "**भाई**" **जैकी श्रॉफ** अपनी हर उपस्थिति में पौधे लेकर पहुंचते हैं। वे देशभर में "**पौधे गिफ्ट करो**" मुहिम के जरिए लाखों लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित कर चुके हैं।

2. **भूमि पेडनेकर**
एक्ट्रेस **भूमि पेडनेकर** ने '**क्लाइमेट वॉरियर**' नामक डिजिटल अभियान शुरू किया है, जिसके माध्यम से वे युवाओं को जलवायु बदलाव के प्रति जागरूक करती हैं।

3. **अजय देवगन**
फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ **अजय देवगन पर्यावरण अनुकूल फिल्म निर्माण** को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने शूटिंग में प्लास्टिक

का उपयोग न करने जैसे कई कदम उठाए हैं।

4. **दीया मिर्ज़ा**

संयुक्त राष्ट्र की गुडविल एंबेसडर **दीया मिर्ज़ा पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक कचरे** को कम करने पर लगातार काम कर रही हैं।

5. **लियोनार्डो डिकैप्रियो**

हॉलीवुड एक्टर **लियोनार्डो डिकैप्रियो ने 'लियोनार्डो डिकैप्रियो फाउंडेशन'** बनाया है, जो **ग्लोबल स्तर पर जलवायु परिवर्तन** से लड़ने का काम करता है।

6. **एम्मा वॉटसन**

हैरी पॉटर फेम **एम्मा वॉटसन टिकाऊ फैशन और सस्टेनेबल लाइफस्टाइल** को प्रमोट करती हैं। वे **पर्यावरण के अनुकूल ब्रांड्स** और पहनावे को प्राथमिकता देती हैं।

7. **जोकिन फीनिक्स**

ऑस्कर विजेता **जोकिन फीनिक्स शुद्ध शाकाहारी जीवनशैली** अपनाते हैं और बड़े मंचों से **जलवायु संकट** पर अपनी आवाज बुलंद करते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.